दैनिक जागरण 01/11/2025

# विद्यार्थियों ने रैली निकाल नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**जासं • अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में मादक पदार्थ विरोधी रैली का आयोजन कालेज के मादक पदार्थ विरोधी क्लब और यूथ रेडक्रास (वाईआरसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रैली का आयोजन कालेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रैली को यूथ रेडक्रास के अधिकारी डा. राकेश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि रैली युवाओं में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कालेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा "फ्राम क्लिक्स टू क्रिएटिविटी: इनोवेशन थ्रू आइसीटी" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका संचालन तनवीर सिंह, वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक मुंबई द्वारा किया गया। कालेज में लैंग्वेज क्लब द्वारा संस्कृत विभाग तथा भारतीय ज्ञान परंपरा क्लब के सहयोग से भाषा व्याकरण (पाणिनि पर आधारित) विषय पर एक आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।